ncrtc
A JV of Government of India and participating State Governments

Publication	Hindustan
Edition	Meerut, Meerut Janpad
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	19th June 2019

हिन्दुस्तान

रैपिड का काम जली कोठी पहुंचा, जुड़ेंगे बस अड्डे-मेट्रो

रफ्तार में प्रोजेक्ट

- मैसाली-बेगमपुल पर बस अड्डा, बस स्टॉप के साथ होगा रैपिड रेल का स्टेशन, गाजियाबाद में बस अड्डा, मेट्रो-रैपिड का होगा लिंक
- एनसीआरटीसी ने मल्टी मॉडल एकीकरण को किया फाइनल, अगले 15 दिनों में सात अन्य स्थानों पर शुरू कर दिया जाएगा काम

मेरठ | मुख्य संवाददाता

दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का काम अब शहर के बीच जली कोठी तक पहुंच गया है। अगले 15 दिनों में सात अन्य स्थानों पर भी काम शुरू कर दिया जाएगा। उधर, एनसीआरटीसी ने दिल्ली से मेरठ के बीच मल्टी मॉडल एकीकरण सुविधा के तहत बस अड्डे, मेट्रो, रैपिड को जोड़ने के प्रस्तावों को फाइनल कर दिया है।

दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के चौथे चरण में मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम के बीच काम होना है। मुख्य सचिव के स्तर से सभी चार चरणों का कार्य 2025 तक पूर्ण करने के लक्ष्य को लेकर अब एनसीआरटीसी ने भी काम तेज कर दिया है। शहर में दिल्ली रोड से होते हुए अब रैपिड रेल को लेकर मिट्टी जांच का काम जली कोठी तक पहुंच गया है। जली कोठी के पास एनसीआरटीसी की टीम ने सड़क किनारे बोर्ड लगाकर काम शुरू किया है।

इससे पहले दिल्ली चुंगी, मेट्रो प्लाजा के पास एनसीआरटीसी काम कर चुकी है। अधिकारियों के अनुसार अगले 15 दिनों में शहर में सात स्थानों पर मिट्टी जांच का कार्य पूर्ण करना है। उसके बाद चौथे चरण का कार्य जमीन पर मेरठ में तेजी से होने लगेगा। उधर, एनसीआरटीसी ने मल्टी मॉडल एकीकरण के तहत दिल्ली से मेरठ के बीच के सभी महत्वपूर्ण बस अड्डे, मेट्रो के स्टेशन को रैपिड रेल स्टेशन से लिंक करने संबंधी प्रस्तावों को लगभग फाइनल कर दिया है।

उद्देश्य यह बताया गया है कि एनसीआर और इसके आस पास के इलाकों में बनने वाला रीजनल रैपिड रेल एक ऐसा ही सिस्टम होगा, जो दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित, आरामदायक, भरोसेमंद, और गतिशील परिवहन का विकल्प देगा। रैपिड रेल स्टेशन अन्य सार्वजनिक परिवहन के माध्यम जैसे मेट्रो स्टेशनों, बस टर्मिनलों और रेलवे स्टेशनों के साथ अंदरूनी तौर पर जुड़े होंगे, जिससे यात्रियों को बस, ट्रेन या मेट्रो पकड़ने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा इन माध्यमों को पैदल पथ, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियों और भूमिगत मार्गों के द्वारा जोड़ा जाएगा।

जली कोठी के पास रैपिड रेल का काम शुरू हो गया। • हिन्दुस्तान

इस तरह एकीकरण का है दावा

- दिल्ली में सराय काले खां रैपिड रेल स्टेशन एक मेगा टर्मिनल होगा, जहां तीनों आरआरटीएस कॉरिडोर आपस में मिलेंगे।
- यह स्टेशन दिल्ली मेट्रो के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन, सराय काले खां अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के साथ सहजता से जुड़ा होगा।
- आनंद विहार स्टेशन भी दिल्ली मेट्रो के आनंद विहार स्टेशन, आनंद विहार अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा और यूपी रोडवेज के कौशाम्बी स्थित बस डिपो से भी एक होगा
- रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर और गाजियाबाद स्टेशन न्यू अशोक नगर मेट्रो और गाजियाबाद नया बस अड्डा से जुड़ेगा।
- साहिबाबाद स्टेशन भी दिल्ली मेट्रो के स्टेशन से जुड़ा होगा
- मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम तक मेरठ मेट्रो का परिचालन भी आरआरटीएस की रेल लाइन पर ही होगा।
- मेरठ मेट्रो के परिचालन के मद्देनजर आरआरटीएस मेरठ के भीतर 8 नए स्टेशनों का निर्माण करेंगे।
- साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर उत्तर, मैसाली और बेगम पुल रैपिड रेल स्टेशन भी बस डिपो, बस स्टापेज से लिंक रहेगा।

मल्टी मॉडल एकीकरण की प्रक्रिया तेज

दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड रेल का काम अब तेजी से चल रहा है। इसी तरह दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड, मेट्रो के स्टेशन और महत्वपूर्ण बस अड्डों को लिंक करने की प्रक्रिया लगभग फाइनल हो गया है- सुधीर कुमार शर्मा, जीजीएम, एनसीआरटीसी।